# न्यूज 12 भारत

सच्ची बात

डिजिटल मीडिया

Website : www.news12bharat.com




संस्करण : धनबाद | बुधवार 25 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# गर्मी में मई एवं जून महीने नागरिकों को तीन टाईम गंगा जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं

## बुडको को ज्यादा से ज्यादा टीम बनाकर लीकेज की मरमती युद्ध स्तर पर कराने का निर्देश दिया

(न्यूज12 भारत)

गया। भिषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम की अध्यक्षता में गया शहरी जलापूर्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की गई है गया नगर निगम में जलापूर्ति से संबंधित संपन्न समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई है। कार्यपालक अभियंता बुडको द्वारा बताया गया कि घरों में पानी कनेक्शन का कार्य कुछ वार्डों में पूर्ण कर लिया गया है एवं कार्य चल रहा है जिसे जून माह में समाप्त कर लिया जाएगा। इस मौके पर निर्देश दिया गया कि वार्ड में छूटे हुए घरों को भी अविलंब पानी कनेक्शन दिया जाय ताकि गर्मी में नागरिकों को परेशानी नहीं हो। सिंगरा स्थान के पुराने ओवर



हेड टैंक में प्रतिदिन पानी भरने की स्थिति के संबंध में कार्यपालक अभियंता गंगा उद्वहन योजना द्वारा बताया गया कि पुराने टैंक को भरने हेतु अक्षय वट के पास एक एसम्प हाउस जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए जाने का प्रस्ताव है। एसम्प हाउस बन जाने के बाद उक्त टैंक पूरी तरह से भरने लगेगा। अभी उस जगह को से टैंक भर रहा है परंतु पूरी तरह नहीं भर रहा है। आगे निर्देश दिया गया की एसम्प हाउस बनने में अभी समय लगेगा अतः टैंक भरने के लिए कुछ वैकल्पिक व्यवस्था करें। साथ ही गर्मी में मई एवं जून महीने नागरिकों को तीन टाईम गंगा जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। इस बैठक में बताया गया कि कुछ जगहों पर गंदा पानी की शिकायत आ रही है। यह कुछ नागरिकों द्वारा अवैध रूप से जलापूर्ति लाइन में छेद कर दिए जाने के कारण नाले का पानी चले जाने के कारण गंदे पानी की शिकायत आती है। इसपर निर्देश दिया गया की ऐसे लोगों को चिन्हित कर प्रतिवेदन दें जिसपर प्राथमिकी दर्ज कराई जा सकेगी।

## एक नजर

### वंचित मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व मे आम सभा का आयोजन



(न्यूज12 भारत)

अररिया : सकती प्रखंड अंतर्गत भुतहा ग्राम मे निर्दलीय उम्मीदवार डाक्टर शत्रुध्न मंडल जी के समर्थन मे एक आम सभा का आयोजन वंचित मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व मे संपन्न हुई l1 अध्यक्षता, पूर्व अररिया जिला अध्यक्ष बीजेपी के बबन सिंह, मंच संचालन बीजेपी के बलिष्ठ नेता प्रताप विश्वाश, मुख्य अतिथि, पूर्व बीजेपी के विधायक माननीय श्री जनार्दन यादव, विशिष्ठ अतिथि, जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया अनंत राय, जदयू के वरिष्ठ नेता ,अररिया जिला Noniya समाज के अध्यक्ष सीता राम मंडल, वार्ड पार्षद श्याम मंडल मोहम्मद, बबूल, समाज सेवी, रोहित पासवान, समास सेवी सह जिला अध्यक्ष लोक ज़न शक्ति पार्टी, मोहम्मद असलम, समाज सेवी वंचित मुक्ति मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी रामा शीश चौहान, निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष कपिल सहनी उपस्थित हुए।

### धनबाद में कांग्रेस की होगी प्रचंड जीत - सीता राणा



(न्यूज12 भारत)

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत के लिए धनबाद के केंदुआ कठगोला, पुटकी बारह नंबर मुनिडीह क्षेत्र में जनसंपर्क चलाया। सीता राणा ने मौके पर कहा कि धनबाद लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की प्रचंड जीत होगी। मोदी के झूठे गारंटी पर जनता को अब भरोसा नहीं रहा है। धनबाद में जनता कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस के विचारधारा और आदरणीय राहुल गांधी जी पर भरोसा जता रही है। जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने लोगों से अपील किया कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के जन कल्याणकारी योजना पर भरोसा कीजिए और कांग्रेस के पक्ष में मतदान कीजिए।

मौके पर जानकी देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुनिया देवी, सावित्री देवी, राजो देवी, निशा देवी, रजनी देवी, सरिता देवी, गंगा देवी, अंगिता देवी, निषा देवी, रिंकू देवी, चेकनी देवी, गुड़िया देवी, रमणी देवी आदि शामिल थी।

### लोयाबाद मंडल भाजपा के बूथस्तरीय सम्मेलन में अबकी बार 400 के पार का संकल्प




(न्यूज12 भारत)

लोयाबाद मंडल भाजपा की बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सिजुआ में हुई। सम्मेलन में सभी ने मोदी के सपने 400 के पार को साकार करने का संकल्प लिया। गिरिडीह लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से इस चुनाव को चुनौती के रूप में लेने की बात कही। कहा कि मोदी जी को ताकत प्रदान करने के लिए गिरीडीह सीट पर परचम लहराना जरूरी है। एक एक सीट महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ता अभी से जुट जाए और एनडीए प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाया जाए। कहा कि सभी बूथो पर एनडीए के पक्ष में दस प्रतिशत मत बढ़ाना है। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पप्पु सिंह ने की। सम्मेलन में शेखर सिंह, धनेश्वर महतो, मंटू महतो, रोशनलाल चौधरी, महेश पासवान, जलाल अंसारी, कंचन चौरसिया, सुरेश चौधरी, विष्णु चौहान, रामेश्वर राम आदि मौजूद थे।

## बी आई टी सिंदरी के छात्रो ने बनाया दिव्यांगों के लिए इलेक्ट्रिक साइकिल

(न्यूज12 भारत)

बी. आई. टी. सिंदरी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के अंतिम वर्ष के चार छात्र रितेश कुमार, प्रियांशु मालवीया, तेज प्रकाश सिंह और तनवीर अंसारी ने एक ऐसा कमाल कर दिया है जिसकी चर्चा पूरे कॉलेज में हो रही है। इन छात्रों ने अपनी कठोर परिश्रम और लगन से दिव्यांगों के लिए एक ऐसी इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है जो की पूरी नवीकरणीय ऊर्जा पे आधारित है। इस साइकिल को बनाने में प्राध्यापक आदित्य कुमार ने बच्चो की कदम कदम पे सहायता की




जो की इस प्रोजेक्ट के गाइड है, साथ ही एक तृतीय वर्ष के छात्र शिवानंद मोदी ने भी इस प्रोजेक्ट को बनाने में बहुत योगदान दिया। बच्चो ने बताया की डॉ. एम. जी. तियारी जो की विभाग के अध्यक्ष है तथा डॉ. प्रवीण कुमार साहू जो की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर है की अनुमति और सपोर्ट के बिना इस प्रोजेक्ट को पूरा करना असंभव था।

बच्चो ने इस साइकिल की विशेषताओ के बारे में बताते हुवे यह दवा किया की यह साइकिल 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से चल सकती है। इस साइकिल में 250 वाट की मोटर लगी हुवी है जो की साइकिल को चलने में मदद करती है तथा 24 वोल्ट की बैटरी लगी हुवी है जो एक बार पूरी चार्ज करने पे 30 किलोमीटर तक चलती है, इस बैटरी को चार्ज करने के लिए सोलर तथा डाइनेमो का इस्तेमाल किया गया है जो की चलते समय बैटरी को चार्ज करती है ताकि इसकी बैटरी कभी खत्म न हो। इसके अलावे इस साइकिल की एक और खासियत है, यह साइकिल पासवर्ड पर आधारित है, जिसका मतलब है की पासवर्ड डालने के बाद ही यह साइकिल स्टार्ट होती है। इस साइकिल में इस डिवाइस को लगाने का उद्देस्य बढ़ते चोरी को कम करना है। साथ ही साथ इस साइकिल में मोबाइल चार्ज करने की भी सुविधा उपलब्ध है।

## दस दिवसीय व्यवसायिक शिक्षा का समापन, प्रदर्शनी आयोजित

(न्यूज12 भारत)

मैथनः आदर्श वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन में झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित दस दिवसीय व्यवसायिक शिक्षा का समापन बुधवार को हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्रों द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। छात्रों ने पिछले 10 दिनों में जो सिखा, वही हूनर व प्रतिभा को प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीमती सुमित्रा




तिर्की और सीआरपी पंकज कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी सुमित्रा तिर्की ने कहा कि वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन के बच्चे काफी मेहनती और मेधावी है। इस तरहके प्रयोग से बच्चों का सीखने में काफी मदद मिलती है और बच्चे काफी जल्दी सीखते हैं।

## हनुमान चालीसा केंद्र में सैकड़ो दीपक जलाकर मनाया गया हनुमंत जन्मोत्सव

(न्यूज12 भारत)

गया। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय महिला परिषद की ओर से मंगलवार को रुक्मिणी सरोवर एवं मंगला गौरी में संचालित हनुमान चालीसा केंद्र में केंद्र संचालिका क्रमशः सरिता त्रिपाठी एवं वीणा गिरी के निर्देशन में हनुमान जी का जन्मोत्सव पूरे धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सदस्यों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना कर मंगल आरती की गई। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर 101 दीपक जलाए गए हैं। इसके साथ ही लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक ने बताया कि शहर के



रुक्मिणी सरोवर, मंगला गौरी, पिता महेश्वर, ब्राह्मणी घाट एवं धामीटोला आदि स्थानों पर नियमित रूप से हनुमान चालीसा का केंद्र चल रहा है। जिसके माध्यम से हिंदुओं को एकजुट किया जा रहा है। इस अवसर पर सरिता त्रिपाठी ने लोगों से हनुमान चालीसा केंद्र से जुड़ने की अपील की। मौके पर सावित्री देवी, मुन्नी देवी,माधुरी देवी, रामकुमार द्विवेदी, अश्वनी कुमार, अनीता देवी, उषा देवी,अर्पणा मिश्रा, फूल कुमारी देवी, सुरेंद्र यादव एवं मोना कुमारी आदि लोग शामिल थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारा का आयोजन, हुई विशेष पूजा- आराधना

- बालाजी को लगा छप्पन भोग और सवामणि का प्रसाद

(न्यूज12 भारत)


गया। श्री सालासर बालाजी मंदिर में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया है। इसी के साथ ही दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह संपन्न हुआ है। बुधवार को पुरानी गोदाम स्थित श्री मारवाड़ी पंचायत भवन में भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूलों से सुशोभित पंडाल में बालाजी हनुमान जी के चित्र को विराजमान करा कर विशेष तरीके से पूजा अर्चना की गई है। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की प्रार्थना कर अखंड ज्योत में आहुति दी गई है। महा आरती एवं हनुमान



चालीसा के पाठ के उपरांत हनुमान जी पर पुष्प वर्षा कर आराधना की गई है। विशाल भंडारे में बालाजी को 56 भोग, गुलाब जामुन, बूंदी, लड्डू ,बर्फी एवं सावामणी के प्रसाद का भोग लगाया गया। उसके बाद दोपहर 12:00 बजे से भंडारा का प्रसाद शुरू हुआ। सबसे पहले ब्राह्मणों के बीच भंडारे का प्रसाद परोसा गया। इसमे बड़ी संख्या में नगरवासी, आसपास के लोग एवं महिलाएं शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। दो दिवसीय आयोजन की तैयारी में श्री सालासर बालाजी परिवार के पदाधिकारी,सदस्य गण सहित भक्तजनों का सराहनीय योगदान रहा। जन्मोत्सव को लेकर लगातार 24 घंटे तक ब्राह्मणों के द्वारा अखंड रामायण का पाठ,सामूहिक सुंदरकांड एंव हनुमान चालीसा का पाठ चलता रहा है। बालाजी हनुमान के दर्शन पूजन के लिए राम भक्तों की भीड़ लगी रही है। इस

## सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने जरूरतमंद महिला को दो यूनिट रक्त उपलब्ध कराया

(न्यूज12 भारत)



कतरास निचितपुर क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में ईलाजरत 50 वर्षीय महिला मरीज जिनके शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी डॉक्टर ने तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कही। सूचना प्राप्त होते ही संस्था के नियमित रक्त दाता पवन चौहान ने बाघमारा से धनबाद एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) ब्लड बैंक पहुंच कर अपना बी पॉजिटिव रक्त दान कर महिला मरीज के लिए ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराया और इसके बाद फिर से रक्त की आवश्यकता पड़ने पर संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई।

## हनुमान जन्मोत्सव पर एकल अभियान द्वारा श्री राम शोभा यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

### हनुमान जी के चरित्र में लाइफ मैनेजमेंट के अनूठे सूत्र समाए हुए हैं जिसे आत्मसात कर हम सफल एवं सार्थक जीवन जी सकते हैं:अमरेश सिंह

(न्यूज12 भारत)

धनबाद: मर्यादापुरूसोतम भगवान श्री राम के परम् भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव अर्थात् हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। एकल अभियान द्वारा इस बार भी विगत वर्षों के भाती हनुमान जन्मोत्सव के शुभअवसर पर दोपहर 4:00 बजे से श्री राम शोभायात्रा ध्वनि विस्तारक, धार्मिक झंडे एवं ड्रोन कैमरा द्वारा फ़ोटोग्राफ़ी के साथ सौहार्द एवं शांतिरूपेन भुइफोड मंदिर से रणधीर वर्मा चौक तक निकाली गई। जयंती पर अमरेश सिंह ने कहा हनुमान जी के चरित्र में लाइफ मैनेजमेंट के अनूठे सूत्र समय हुए जिसे हम आत्मसात कर सफल एवं सार्थक जीवन जी सकते हैं। श्रीराम जी व हनुमान जी के भक्तों के लिए जगह जगह पानी,शरबत व पुष्प वर्षा की कि व्यवस्था की गई




है। उसके उपरांत रणधीर वर्मा चौक पर स्थित बजरंगबली मंदिर व मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित हो करके आरती का आयोजन किया।

जिसमे विगत वर्षों में संपूर्ण समाज को एकत्रित करके हनुमान जी के अष्ट (08) गुणों से अवगत कराके राष्ट्रउत्थान व सेवा कार्यों से जोड़ने की दृष्टि से धनबाद के भूईफ़ोड मंदिर से भव्य श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन प्रति वर्ष अनुशासित रूप से होते आया है। यह यात्रा भूईफ़ोड मंदिर से चल करके हनुमान मंदिर रणधीर वर्मा चौक पर हनुमान जी की आरती से संपन्न हुई। प्रतिवर्ष श्रीराम शोभा यात्रा के माध्यम से आयोजन समिति, कुछ ना कुछ समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का प्रयास करता है, जैसे वनवासी समाज को शिक्षा व खेल के क्षेत्र में अग्रेषित करने का संदेश, वनवासी व समाज के अंतिम व्यक्ति में आत्मनिर्भरता हेतु प्रेरित कर उनके स्वाभिमान जागृति का संदेश, भारत की मूल संस्कृति गौ-गंगा-गायत्री के संरक्षण व संवर्धन का संदेश, समाज को समरसता के साथ एक सूत्र में पिरो कर भारत राष्ट्र को परम् वैभव पर स्थापित करने का संदेश, इत्यादि। इस वर्ष हम भारतीय लोकतंत्र का महापर्व का उत्सव भी मना रहे है। प्रथम चरण के मतदान में कमी को देखते हुए इस वर्ष श्री राम शोभा यात्रा 2024 में पहले मतदान, फिर जलपान के सकारात्मक व सार्थक संदेश दिया गया। शोभा यात्रा में अमरेश सिंह अपने दोनों 7 वर्षीय पुत्रों राजवीर सिंह और रणवीर सिंह के के साथ उत्साह पूर्वक जयंती मनाते दिखे।

# एआईआरएफ के शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनना महान गौरव का क्षण है - मो ज़्याउद्दीन

## चार दिवसीय आयोजन में शामिल होने के लिए ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि नई दिल्ली रवाना

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : ऑल इंडिया रेलवेमैंस फेडरेशन के शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन नई दिल्ली में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। यह आयोजन 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हो रही है। यह्न ज्ञात हो कि एआईआरएफ की स्थापना 24 अप्रैल 1924 को हुई थी और 24 अप्रैल 2024 को भारतीय रेल का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन अपने सौ वर्ष पूरा करने जा रहा है।



उक्त जानकारी देते हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने बताया कि 23 अप्रैल को महिला एवं युवा रेलकर्मियों की राष्ट्रीय सभा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई है। 24 अप्रैल को फेडरेशन के वर्किंग कमिटी की बैठक करनैल सिंह स्टेडियम में होगी। इसी दिन दोपहर 2 बजे से सभी जोनल यूनियन द्वारा विशाल रैली अजमेरी गेट नई दिल्ली से निकाली जाएगी जिसमें ईसीआरकेयू के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री डी के पाण्डेय और महामंत्री श्री एस एन पी श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधिगण अपनी सहभागिता निभाएंगे। उक्त रैली करनैल सिंह स्टेडियम में पहुँचेगी जहाँ विशाल जनसभा को देश विदेश के रेल यातायात और के श्रमिक संगठनों के शीर्ष नेतृत्व तथा उच्च अधिकारी संबोधित करेंगे। इस समारोह को मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की प्रथम महिला चेयरमैन श्रीमती जया वर्मा सिन्हा होंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट फेडरेशन के महासचिव मिस्टर स्टीफन कॉटन समारोह का उद्घाटन करेंगे। 25 अप्रैल को प्रतिनिधि सभा की बैठक तालकटोरा स्टेडियम में होगी। 26 अप्रैल को सेवानिवृत्त रेलकर्मियों के प्रथम राष्ट्रीय स्तरीय बैठक सिविक सेंटर नई दिल्ली में होगी। धनबाद मंडल से बड़ी संख्या में रेलकर्मी इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रस्थान कर गए हैं।

ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज़्याउद्दीन ने जानकारी देते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष आयोजन में रेलकर्मियों द्वारा नये पेंशन योजना को समाप्त कर सभी के लिए पुराने पेंशन योजना को लागू करने के लिए केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर एआईआरएफ ने कई केन्द्रीय श्रमिक संगठनों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि एआईआरएफ को अनेकों महत्वपूर्ण विभूतियों ने अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया है जिसमें वी वी गिरी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मधु दंडवते, जार्ज फर्नांडीस, उमरावमल पुरोहित, जे पी चौबे, राखालदास गुप्ता आदि का नाम प्रमुख है। ये हमारे प्रेरणास्रोत हैं। इन्हीं महान समर्पित नेतृत्व के कारण ही रेल मजदूरों के साथ साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों की कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ तथा अनेकों श्रमिक अधिकार प्राप्त हुए हैं। इस शताब्दी वर्ष का हिस्सा बनने जा रहे सभी रेलकर्मी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के मिडिया प्रभारी एन के खवास ने बताया कि धनबाद मंडल से जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल में केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय, अपर महामंत्री मो ज़्याउद्दीन, सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा,केन्द्रीय संगठन मंत्री सोमेन दत्ता तथा नेताजी सुभाष सहित आर के सिंह, अजय सिंह,आई एम सिंह,बी के साव,पी के सिन्हा, रुपेश कुमार,बी बी सिंह, चंदन कुमार शुक्ला, विकास कुमार, आर एन चौधरी,स्वेता कुमारी, दीपा कुमारी एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं।

# दिव्यांग जिलाअध्यक्ष ने जिलाधिकारी को आभार व्यक्त किया

(न्यूज12 भारत)

गया: लोकसभा चुनाव में गया में 19 अप्रैल को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गया जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस एम के निर्देश के आलोक में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए उनके घर पर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ उन्हें मतदान करने का अवसर दिया गया है साथ ही वैसे वोटरों के लिए संबंधित बूथों पर अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसके लोगों ने काफी प्रशंसा की है। वहीं दिव्यांग लोगों के उत्थान के लिए काम करने वाली दिव्यांग शिक्षिका सह सामाजिक कार्यकर्ता रीता रानी प्रसाद ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एस एम को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ज़िला पदाधिकारी के द्वारा ये अभूतपूर्व व्यस्था थी



जिसके कारण हर व्यक्ति अपने अधिकारों का प्रयोग कर पाया। इसके लिए गया डीएम को मैं बधाई देती हू ।जिला प्रशासन गया के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए समुचित व्यवस्था को लेकर आज समाहरणालय में रीता रानी शिक्षिका ने डीएम गया डॉ० त्यागराजन एसएम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया है। शिक्षिका ने कहा कि सभी बूथों पर दिव्यांग जनों के लिए उपलब्ध रखे गए व्यवस्थाओं के कारण दिव्यांगो ने अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग किया है। रीता रानी प्रसाद ने बताया की इस बार मतदान केंद्र पर रैंप, व्हील चेयर,वैशाखी एवं केयर टेकर की उत्तम व्यवस्था होने के कारण दिव्यांग जनों को मतदान करने में काफी प्रसन्नता जाहिर किया है। मतदान करने आए दिव्यांग मतदाताओं ने गया जिला प्रशासन ने खूब सराहना की।शिक्षिका ने आभार प्रकट करते ह यह भी कहा कि पछले पितृपक्ष मेला अवधि में भी ज़िला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग तीर्थयात्रियों एव भुजुर्ग तीर्थयात्रियों को काफी ज्यादा सुविधा से लाभान्वित करवाने का कार्य किया गया है।

### सभी विभागों को अचानक आए आंधी तूफान पर ठीक करने के निर्देश

(न्यूज12 भारत)

गया। कल दोपहर के बाद अचानक आए आंधी तूफान के संबंध में आज जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभा कक्ष में बिजली विभाग के अभियंता, शिक्षा विभाग के अभियंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला आपदा पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक करते हुए क्षेत्रवार पूरी जानकारी ली गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आंधी तूफान के दौरान जो भी नुकसान हुआ है उसे अविलंब ठीक करवाया जाय। समीक्षा में यह बताया गया कि 40-50 बिजली के पोल बिजली विभाग का गिरा है। शिक्षा विभाग की कुछ संरचना क्षतिग्रस्त हुई है। कुछ फसल ओलावृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई है। और कोई कहि झोपड़ी या किसी का घर कहि क्षतिग्रस्त हुआ है।

# ग्रामीण और आम जनता के हर समस्या के समाधान के लिए मासस हमेशा तैयार - चंद्रदेव महतो

- **भाई के सुख-दुख में हमेशा साथ रहे हैं साथ रहेंगे**
- **भाई से अपील है किसी के बहकावे में ना आए –उपेंद्र गोराई**

(न्यूज12 भारत)

बलियापुर:- बेड़ा-दोबारी बीसीसीएल कार्यालय के समीप पिछले सात महीना से भी अधिक समय से आमटाल के निवासी कार्तिक गोराई बीसीसीएल मैनेजमेंट के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर धरना में बैठे थे। बीसीसीएल मैनेजमेंट और जिला प्रशासन से मांग किया जा रहा था कि उनके जमीन पर दूसरा कोई नौकरी कर रहा है और जमीन का मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है। उनका कहना था कि मेरे साथ अन्याय हुआ है इसका जांच किया जाए। कार्तिक गोराई के धरने पर क्षेत्र के बहुत सारे नेताओं और सोशल मीडिया चैनल ने राजनीतिक हवा बाजी करने



का भरपूर प्रयास किया। लंबे समय तक इस मुद्दे पर लाल झंडा के ट्रेड यूनियन नेताओं पर गलत बयान बाजी किया गया। लेकिन किसी भी नेता ने किसी भी प्रकार का कोई ठोस ना कदम उठा सका और ना ही मुद्दा को सुलझा सका। लोकसभा चुनाव को देखते हुए मैनेजमेंट लगातार कार्तिक गोराई से अनुरोध कर रहे थे कि इस विषय में जांच चल रही है अभी फिलहाल आप यह धरना वापस ले। इधर कार्तिक गोराई थक हारकर सामाजिक तौर पर मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो से संपर्क किया. चंद्रदेव महतो ने कार्तिक गोराई के बड़े भाई से संपर्क कर कार्तिक गोराई को आर्थिक मदद के लिए समझाया। बड़े भाई ने डेढ़ लाख का चेक चंद्रदेव महतो के हाथों से कार्तिक गोराई को सोपा । तथा उनके भाई उपेंद्र गोराई ने चंद्रदेव महतो और गांव के समाजसेवी के समीप कहा कि आगामी 35 महीना तक अपने भाई को हर महीने तक ₹10000 सहयोग राशि दूंगा और आगे भी यथासंभव मदद करता रहूंगा।

आज बुधवार को मैनेजमेंट के ओर से बेड़ा के प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा ने कार्तिक गोराई को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाय। और मैनेजमेंट ने यह सब के बीच में आश्वासन भी दिए कि कार्तिक गोराई को आउटसोर्सिंग कंपनी में काम दिलाने का काम करेंगे।

इस नेक कार्य में मासस के वरिष्ठ नेता प्रभास पाल, पतित पावन माझी, असित चटर्जी, अनाथ गोराई, विधान चक्रवर्ती सुरजीत चंद्र, मुकेश बाऊरी, दयाल बाऊरी, , महेश कुमार राम, मदन हरिजन, रामचंद्र राम, धीरज कुमार, ललन कुमार, पवन झा, सुशांतो चंद्र तरुण माझी रोहित महतो चंदन भूमिहार आदि मौजूद थे।

## बोकारो सिटी थाना में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी



- **मौके से 3,600 केजी जावा महुआ एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट**

(न्यूज12 भारत)

बोकारो: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो सिटी थाना अंतर्गत मिश्राटोला, कुलिंग पोंड किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की।

मौके से उत्पाद टीम ने 3,600 केजी जावा महुआ शराब एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया।

छापेमारी के क्रम में लक्ष्मण साव एवं अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

# भाजपा ने तेजस्वी से पूछे सवाल - क्या ओबीसी कोटे के आरक्षण काटकर मुसलमानों को देने के कांग्रेस के एजेंडे से आप भी सहमत हैं

## कांग्रेस, राजद का असली चेहरा तुष्टिकरण का घिनौना राजनीतिक चेहरा : ऋतुराज सिन्हा

- **सीमांचल में भाजपा 'ममता मॉडल' नहीं आने देगी : ऋतुराज सिन्हा**

(न्यूज12 भारत)

गया।भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आज कांग्रेस और राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद और इंडी गठबंधन का असली चेहरा तुष्टिकरण का घिनौना राजनीतिक चेहरा है। राजद नेता तेजस्वी यादव मुद्दे और तथ्यों की बात करने की बात करते हैं । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि देश का एक्सरे करेंगे। सर्वेक्षण कराएंगे और सभी जाति, धर्म के लोगों की सम्पत्ति का सर्वे करेंगे। इसके बाद कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए जारी घोषणा पत्र में कहा कि अल्पसंख्यक का सशक्तिकरण आवश्यक है।




इसके लिए शिक्षा, सरकारी नौकरी और पीएसयू में इन्हें उचित अवसर प्रदान करेंगे। भाजपा मीडिया सेंटर में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बातें अचानक नहीं बोल रही है। कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण का एजेंडा हमेशा रहा है। 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति और संसाधन पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक यानी मुसलमानों का है। सिन्हा ने कहा कि यही नहीं उसी दौर में सच्चर कमिटी की रिपोर्ट में कहा गया था कि दलितों से बुरी हालत अल्पसंख्यकों की है। रंगनाथ कमीशन की रिपोर्ट में यहां तक कहा गया था कि सरकारी नौकरियों में 15 प्रतिशत आरक्षण उनके लिए किया जाए।

ऐसी स्थिति में कांग्रेस से सवाल है कि क्या ओबीसी से कोटे से काटकर यह आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संपत्ति का सर्वे कराकर जनसंख्या के आधार पर बांटने की बात होगी । कांग्रेस क्या बाबा साहब के संविधान के साथ छेड़छाड करेगी। उन्होंने साफ लहजे मे यह भी कहा कि कांग्रेस 1963 और 1974 में कम्पलसरी डिपॉजिट एक्ट ला चुकी है।

उन्होंने राजद के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से सवाल किया कि क्या वे भी कांग्रेस की तरह ओबीसी आरक्षण कोटे से काटकर अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने के पक्ष में हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि क्या तेजस्वी यादव एनआरसी का भी विरोध करते है।सवालिया लहजे में कहा कि तेजस्वी सर्व नागरिक को समान अधिकार का क्या समर्थन करते है। सीमांचल में जो आज हिन्दू अल्पसंख्यक हो गए हैं उनकी सम्पत्ति का सर्वे कराकर क्या तेजस्वी भी मुसलमानों के बीच वितरित करवाने के कांग्रेस के एजेंडे के साथ हैं।भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ने इंडी गठबंधन को चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा कभी भी सीमांचल में ममता मॉडल को लागू नहीं होने देगी। सीमांचल बिहार का अंग है। घुसपैठियों को बुलाकर वोटर बनाने की राजनीति को भाजपा समाप्त करेगी। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मिडिया संयोजक दानिश इकबाल,प्रवक्ता जयराम विप्लव, मीडिया सह प्रभारी सूरज पांडेय, सुमित शशांक भी उपस्थित रहे।